Std.III (Hindi Lit.)

पाठ - 7

हमारा राष्ट्रीय पक्षी

शब्दार्थ

सवेरा -- सुबह

वन -- जंगल

संसार -- विश्व

शत्रु -- दुश्मन

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

Q. 1- मोर हम सबका मन पसंद पक्षी कैसे बना?

उत्तर :- मोर की सुंदरता तथा इसके रंग-बिरंगे पंखों के कारण यह हम सबका मन पसंद पक्षी बना।

Q.2 – मोर का शरीर कैसा होता है?

उत्तर :- मोर का शरीर बहुत भारी होता है।

Q.3 – मोर कब प्रसन्न होकर नाचने लगता है?

उत्तर :- मोर घिरे हुए बादलों को देखकर प्रसन्न होकर नाचने लगता है।

Q.4 - नाचते मोर के पास हमें क्यों नहीं जाना चाहिए ?

उत्तर :- नाचते मोर के पास हमें नहीं जाना चाहिए, क्योंकि तब वह अपने पंखों को समेट कर नाचना बंद कर देता है।

Q.5 - मोर का शिकार क्यों बंद कर दिया गया ?

उत्तर :- भारत ने मोर को 1963 में राष्ट्रीय पक्षी के रूप में सम्मानित किया ,इसलिए मोर का शिकार बंद कर दिया गया।

Q.6 - भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है?

उत्तर :- भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है।

Q.7 - मोर को पक्षियों का राजा क्यों कहा जाता है?

उत्तर :- मोर अपने रंग -बिरंगे पंखों और शरीर के रंगों की सुंदरता से ही नहीं बल्कि आचरण से भी सुंदर पक्षी है। इसके सिर पर लगी कलगी किसी राजा के मुकुट के समान लगती है ,इसलिए मोर को पक्षियों का राजा कहा जाता है।

Q.8 - मोर के पंख कैसे होते हैं ?

उत्तर :- मोर के पंख बहुत घने तथा लंबे होते हैं तथा उन पर अनगिनत चाँद जैसी रंग-बिरंगी आकृतियाँ बनी होती हैं।

Q.9 - मोर को उपकारी पक्षी क्यों कहा गया है ?

उत्तर :- मोर मनुष्य को साँपों से बचाता है, इसलिए इसे उपकारी पक्षी कहा गया है।

Q.10 -मोर के बारे में लिखो -

१. मोर की कलगी --- मुकुट के समान होती है।

२. मोर के पंख पर -- अनगिनत चाँद जैसे बने होते हैं।

३. आकाश में बादल घिरने पर -- मोर नाचने लगता है।

४. मोर -- साँप का शत्रु है।

५. 1963 में मोर को -- राष्ट्रीय पक्षी बनाया गया।

भाषा संसार-

Q.11 - विशेषण शब्दों के आगे संज्ञा शब्द लिखिए-

विशेषण शब्द -- संज्ञा शब्द

रंग-बिरंगे -- पंख

सुंदर -- पक्षी

काले	--	बादल
मीठी	--	आवाज़
ज़हरीला	--	साँप
चमकीला	--	सूरज
ऊँची	--	कलगी
मीठे	--	फल